<u>राज्य सभा</u>

**अतारांकित प्रश्न संख्या 947**

**25 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए**

**इस्पात की कीमतों में वृद्धि**

**947. श्री रीताब्रता बनर्जी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विगत छह महीनों में इस्पात की कीमतों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) कीमतों में वृद्धि का औद्योगिक क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ा है?

<u>उत्तर</u>

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): जी नहीं। भारत में इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और कीमतें बाजार गतिशीलता के आधार पर निर्धारित होती हैं। यह तथ्य सही नहीं है कि विगत छह महीनों में इस्पात की कीमतों में 45% तक वृद्धि हुई है। यह विभिन्न श्रेणियों में 3.8% से 25.7% तक बढ़ी है।

(ग): खपत में 8.4% की वृद्धि हुई है।

*****